Neighbourhood watch

यह सूची उनलोगों के द्वारा संकलित की गई है जो नेबर्हुड वॉच कु-रिंग-गाये एवं हॉर्नसबी काउन्सिल से जुड़े हैं। कृपया ज़्यादा जानकारी के लिए अपने अपराध रोकने वाले अधिकारी (सी पी ओ) हॉर्नसबी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। फ़ोन - ९४७६ ९७९९

हमारे **घरों** के लिए अपराध रोकने के 20 महत्वपूर्ण तरीके -

१) अपने घर एवं गली नम्बर को सही प्रकार से घर के आगे लगायें। यह रात को भी दिखाई देनी चाहिए। इससे आपातकालीन गाड़ियों एवं घर पर आने वालों को सुविधा होगी।

२) घर के अगल बगल एवं घर पर चेतावनी चिन्ह लगायें "अतिक्रमक सज़ा के भागीदार होंगे "। यह संपत्ति इलेक्ट्रॉनिक निगरानी में है। नेबर्हुड वॉच के खिड़की का चिन्ह एवं कुत्ते से सावधान का चिन्ह लगायें।

३) आगे के झाड़ और पेड़पौधे की नियमित छटाई करें ताकि छुपने की जगह नहीं हो।

४) किसी प्रकार की सीढ़ी ख़तरनाक हो सकती है। ऊपर के घरों में आसानी से घुसने का ज़रीया ना छोड़ें ।

५) गति से चलने वाली सुरक्षा रोशनी लगाके रखें एवं उसे बनाए रखें। टीवी और रेडीओ में घड़ी से जुड़े रोशनी बल्ब लगायें ताकि लगे कि घर में कोई है। घर के बाहर तेज़ रोशनी वाले बल्ब लगायें।

६) मज़बूत पत्रपेटी लगायें और उसे मज़बूत ताले से बंद करके रखें। कोशिश करें कि इसकी चाभी ऐसी हो जिसकी आसानी से नकल नहीं की जा सके। अपना मेल्बॉक्स हर दिन निकालें । अगर आप बाहर जा रहें हो तो मेल्बॉक्स नियमित रूप से निकालने में पड़ोसी से मदद लें । डाकघर में अपना पोस्ट रोक दें। ध्यान दें कि ज़रूरी काग़ज़ात कब आ रही हो और अगर वह समय पे नहीं आये हो तो तुरंत डाकघर को बतायें।

७) बिजली बोर्ड को मज़बूत पेटी में लगाये। अगर हो सके तो बिजली बोर्ड पर ताला लगा के रखें। ये एक विशेष प्रकार का ताला है जो मरम्मत करनेवाले के पास मिलती है।

८) सभी गेरेज, शेड और घर में आने के रास्तों को बंद करके रखे ताकि उसके मध्यम से कोई आपके घर में ना घुसे। सभी प्रकार के दरवाज़ों को बंद कर के रखें। बाहर रखे हुए फ़र्निचर, मूर्तियों एवं सजावट की चीज़ों को बंद कर के रखें।

९) गहने और जरुरी काग़ज़ात को रखने के लिए घर में सेफ़ रखें। यह सेफ़ घर के ज़मीन से या नीव से जुड़ी होनी चाहिए। घर पर नगद पैसा बिलकुल थोड़ा रखें। नगद प्रायतः बीमा से ढका नहीं होता। आपका बीमा आधुनिक होनी चाहिए।

१०) अपने घर की चाभी किसी विश्वासनिय दोस्त या पड़ोसी के पास रखें। कभी भी अपने घर की चाभी घर के बाहर छिपा कर नहीं रखे। चाभी को नज़र के सामने नहीं होना चाहिए। अगर आप घर पर नहीं हैं तो चाभी को किसी ताले में नहीं रखें। गाड़ी की चाभी घर के बाहर के दरवाज़े या रसोईघर के काउंटर पर ना रखें। गाड़ी की चाभी बिस्तर के पास रखें। सचेत रहें कि उसमें घबराहट के अलार्म शामिल हो सकते हैं। बायोलोक, कीपैड और उँगलियों की छाप इस्तमाल करने का विचार करे।

हमारे घरों के लिए अपराध रोकने के 20 महत्वपूर्ण तरीके - contd.

११) घुसपड़ने वाले को रोकने का अलार्म लगाने का विचार करें। अलार्म का "घर" और "बाहर " रहने वाला समायोजन का इस्तमाल विशेषतौर पर रात को सोते समय करें। अलार्म की जाँच शुरुआत से वापस करें। ऐसी व्यवस्था करें कि सीसीटीवी कैमरा दूर से फ़ोन के द्वारा संचालित किया जा सके। अपने व्यवस्था का नियमित रूप से जाँच करें क्योंकि टेक्नॉलोजी हर दिन बदल रही है।

१२) बाहर के दरवाज़े मज़बूत होने चाहिए और मज़बूती से जुड़ा होना चाहिए। आँगन के खिसकने वाले दरवाज़े पर ताला लगा के रखें। सुरक्षा दरवाज़ा लगाने की सोचें।

१३) खिड़कियाँ भी मज़बूत होनी चाहिए और उसके फ्रेम सुरक्षित तरह से लगे होने चाहिए। हर खिड़की में चाभी वाले ताले होने चाहिए और रोशनदान में भी यह प्रबंध होना चाहिए। कभी भी तालों में चाभी ना छोड़ें । विकल्पित छेद होने से हवा आने जाने में आसानी होगी और बंद होते हुए भी खुलापन रहेगा। साधारण काँच की जगह परतदार काँच लगाने की सोचें । लेडलाइट खिड़की की बेध्यता से अवगत रहें, ख़ासतौर पर अगर वह सामने के दरवाज़े के साथ में है। उसकी जगह शटर या ग्रिल लगाने की सोचें।

१४) परिदर्शको को देखने के लिए, ऑडीओ विडीओ सुरक्षा व्यवस्था लगाके रखें या देखने वाली छेद लगायें। कीड़े रोकने वाली जाली सुरक्षा दरवाज़ा नहीं होती।

१५) अपने स्थानिए अपराध रोकने वाले कर्मचारी से सुरक्षा ऑडिट करने का निवेदन करें। यह ऑडिट मुफ़्त में होती है।

१६) सभी बहुमूल्य संपती का विवरण, मॉडल एवं सीरीयल नम्बर लिख कर रखें। सभी गहनो को स्केल के साथ रख कर फ़ोटो निकले और रखें। यह सभी जानकारी घर से दूर रखें। अपने स्थानिये अपराध रोकने वाले अधिकारी से मुफ़्त में उपलब्ध उकेड़ने वाली कलम या युविलाएट वाली कलम उधार माँगने का सोचें। इससे आप ज़मीन पर अपना ड्राइवर लाइसेन्स नम्बर लिख सकते हैं। अपने बिमा की सीमा की जाँच करें।

१७) केवल उन्ही व्यापारी को अपने घर में आने दें जिनके बारे में आपने छानबीन कर रखी है या जो किसी के जानकारी से आये हैं। जब तक व्यापारी आपके घर में हों उनपर निगरानी रखें। शायद आपके बीमा के अंतर्गत किसी प्रकार की चोरी जो व्यापारी या मेहमान के द्वारा होती है, वह शामिल नहीं होती। पार्टी में आने वाले मेहमान और गेरेज सेल में आने वाले लोग भी बीमा के दायेरे में नहीं आते।

१८) अपने फ़ोन में पहले से सभी नीचे दिए गए आपातकालीन नम्बर को लिख कर रखें। सभी सूचना पुलिस को दे। अगर आप किसी प्रकार की संदेहजनक चीज़ देखते हैं या किसी घटना को घटित होते देखते हैं, चाहे वह कितना भी छोटा या मामूली क्यों नहीं हो, कृपया पुलिस को बतायें। गाड़ी का नम्बर लेने की कोशिश करें। हो सके तो पत्थर से उसका नम्बर ज़मीन पर लिख दें।

१९) छुट्टी पर जाने के समय, पड़ोसी के साथ ऐसी व्यवस्था करें कि वे लगातार आपके घर पर नज़र रख सकें, आपका अख़बार निकाल सकें ,कचड़े की पेटी बाहर रखे एवं उसे वापस ला सकें , आपके मेल्बॉक्स और पार्किंग पर नज़र रख सकें । हो सके तो वह आपके बाहर की घास भी साफ रख सकें। पुराने कपड़े बाहर सुखाकर रखने को सोचें । कभी भी अपने बाहर जाने की योजना की बखान या विज्ञापन सोशल मीडिया पर नहीं करें। कोशिश करें कि अपने पत्रों को डाकघर में रोक दे या उसे रीडाइरेक्ट करा दें।

२०) घर पर कुत्ते रखने का विचार करें। कुत्तों के पानी पीने का बर्तन, कुत्ते का पट्टा और कुत्ते से सावधान की निशानी लगाएँ । सेन्सर लाइट को सौकेट यूनिट से जोड़ने को सोचें जो आवाज़ करें और इससे चेतावनी बनी रहे और अपराध रोकने के काम आयें।

आपातकालीन नम्बर (आपके प्रॉपर्टी पर किसी के भी शामिल होने पर) -	०००
किसी प्रकार की संदेहजनक घटना की सूचना देने के लिए (क्राइम स्टौपर) -	१८०० ३३३ ०००
किसी आम अपराध की सूचना देने के लिए (पुलिस असिसटेंस लाइन) -	१३१ ४४४
अगर आप को मालूम नहीं की क्या करें (हॉर्नसबी पुलिस स्टेशन) -	९४७६ ९७९९